सीवर लाइन डालने के लिए खोदे गए गड्ढों में भरा पानी

शाहजहांपुर। नगर निगम क्षेत्र के मोहल्ला जियाखेल में जल निगम द्वारा सीवर लाइन डालने के लिए खोदे गए गड्ढों में पानी की पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो गई। जिससे जलभराव की समस्या हो जाने से क्षेत्रवासियों को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा था। इस संबंध में क्षेत्रवासियों

ने नगर आयुक्त संतोश कुमार शर्मा को अवगत कराया। क्षेत्रवासियों की समस्या को संज्ञान लेते हुए आज नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा ने मोहल्ला जियाखेल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने गड्ढों में क्षतिग्रस्त पाइप लाइन को तत्काल ठीक कराये जाने हेतु जल निगम के अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित किया। जिससे क्षेत्रवासियों का आवागमन प्रभावित न हो।